बीईएमएल का कारोबार 17 प्रतिशत बढ़ा

अब तक का सर्वाधिक रिकॉर्ड कारोबार अभिलेखित

रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, बीईएमएल लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2020-21 के लिए पिछले वर्ष के ₹3029 करोड़ के कारोबार की तुलना में ₹3557 करोड़ का अब तक का उच्चतम कारोबार दर्ज किया, 17% की वृद्धि दर्शाती है।

कोविड-19 वैश्विक महामारी के प्रकोप के कारण आर्थिक गतिविधियों में प्रमुख व्यवधान और मंदी के बावजूद, कंपनी बेहतरीन प्रदर्शन करने में कामयाब रही है।

उत्पादन मूल्य सर्वकालिक उच्च ₹3556 करोड़ रहा। कंपनी का कर पूर्व लाभ ₹93 करोड़ रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 285% अधिक है।

आत्मनिर्भरता मिशन के तहत, बीईएमएल ने अपने सभी तीनों व्यावसायिक कार्यक्षेत्रों में अत्याधुनिक नवोन्मेष मशीनों का शुभारम्भ किया है।

डीआरडीओ के आर एंड डी ई इंजीनियरों से प्रौद्योगिकी अंतरण के माध्यम से बीईएमएल बहुउद्देशीय वाहन (6x6) पर निर्मित पहला प्रोटोटाइप मैकेनिकल माइनफील्ड मार्किंग उपकरण एमके- ॥। है। सफल परीक्षण मूल्यांकन के बाद बीईएमएल को रक्षा मंत्रालय से 55 से अधिक प्रणालियों के ऑर्डर प्राप्त होने की उम्मीद है।

बीईएमएल ने एमएमआरडीए, मुंबई को स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित चालक रहित मेट्रो ट्रेन के पहले सेट की आपूर्ति की। उक्त ट्रेन का अब डायनेमिक टेस्ट ट्रायल चल रहा है। बीईएमएल अगले दो वर्षों में कुल 96 मेट्रो ट्रेन सेटों की आपूर्ति करेगा।

बीईएमएल ने आत्मनिर्भरता मिशन के तहत कोल इंडिया को बीई1800डी एक्सक्यावेटर के अलावा एनसीएल को एशिया का सबसे बड़ा बीएच205ई डंप ट्रक की आपूर्ति की है।

वर्ष 2020 - 2021 के दौरान निर्यात दोगुना हो गया। इसके अलावा, बीईएमएल को कैमरून सरकार से 160 करोड़ रुपये के 71 यूनिट निर्माण उपकरण की आपूर्ति के लिए प्रमुख ऑर्डर मिले।

श्री एम वी राजशेखर, सीएमडी बीईएमएल ने कहा, “टीम बीईएमएल के लिए कठिन परिस्थितियों के बावजूद इस उच्चतम टर्नओवर को हासिल करना श्रेयस्कर है और हम पिछले वर्ष लॉकडाउन के बीच अपने ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम थे। महत्वपूर्ण रूप से, हमने कड़ी वैश्विक प्रतिस्पर्धा के विरुद्ध अधिकांश ऑर्डर हासिल किए।”

11 जून 2021

बीईएमएल का मीडिया रिलीज़